तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 रामनवमीं के उपलक्ष्य पर श्री राम सेना ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा






## खबर संक्षेप



### छोटे सिक्के नहीं लेने वाले व्यापारियों पर होगी कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** शहर व जिले में व्यापारियों द्वारा 1 और 2 के सिक्कों को लेने से इनकार करने की शिकायतें सामने आई हैं। इस विषय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष द्वारा जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है कि कई दुकानदार छोटे सिक्कों को चलन से बाहर मानकर अस्वीकार कर रहे हैं। इस पर जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी ने जानकारी दी कि 1 व 2 के सिक्के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित हैं और पूरी तरह वैध मुद्रा हैं। ये सिक्के बैंकों के माध्यम से बाजार में लाए जाते हैं, और जब तक इन्हें भारत सरकार द्वारा औपचारिक रूप से बंद घोषित नहीं किया जाता, तब तक इनका लेन-देन बाध्यकारी है। कलेक्टर ने बताया कि किसी भी व्यापारी द्वारा इन सिक्कों को लेने से इंकार किया जाना राजद्रोह के श्रेणी में आता है, इसके लिए भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 124-ए (संशोधित भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152) के अंतर्गत गंभीर अपराध माना जाएगा। इसमें 3 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। प्रशासन ने सभी व्यापारियों से कहा है कि वे 1 रुपए और 2 रुपए के सिक्कों को ग्राहकों से स्वीकार करें, अन्यथा शिकायत की स्थिति में उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम की मौजूदगी में कूदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण के लिए अनुबंध का किया गया आदान प्रदान

# राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कूदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कूदरगढ़ महोत्सव के समापन कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने जिलेवासियों को 105 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी। इसके साथ ही कूदरगढ़ धाम में रोप वे निर्माण व संचालन हेतु कंपनी के साथ अनुबंध किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय और कंपनी के लोगों ने अनुबंध का आदान प्रदान किया। इसके बाद अब वर्षों पुरानी मांग रोपवे निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की उम्मीद भी जगी है।

**खास बात**
- प्रशासनिक व सामुदायिक भवन निर्माण के साथ ही गढ़वातिया धाम में सीढ़ी निर्माण के लिए 1.50 करोड़ की घोषणा

बता दें कि शुक्रवार को तीन दिवसीय कूदरगढ़ महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कूदरगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोरमदेव मंदिर धार्मिक स्थल का विकास स्वदेश दर्शन योजना के तहत तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीर्थ दर्शन योजना को व्यापक रूप से लागू किया गया है, जिससे 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगजन भी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने पात्र नागरिकों से इस योजना का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास योजनाओं के साथ-साथ समावेशी विकास को बढ़ावा दे रही है। बस्तर क्षेत्र में नियद नेल्लानार योजना और बस्तर पंडुम कार्यक्रम जैसे योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रभारी मंत्री सूरजपुर एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े एवं सांसद चिंतामणि महाराज ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। साथ ही रोपवे निर्माण के लिए बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि कुदरगढ़ धाम के विकास के लिए केंद्र की प्रसाद योजना तथा राज्य सरकार द्वारा शक्तिपीठ के रूप में शामिल करने से यहां धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिल रहा है। कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुदरगढ़ महोत्सव के दौरान उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी दी और रोपवे निर्माण हेतु किए गए अनुबंध एवं धाम के विकास पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विधायक प्रेम नगर भूलन सिंह मरावी, विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला पोर्ते, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी शंकर त्रिपाठी, वनविकास निगम एवं कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि, जनपद अध्यक्ष ओडगी श्रीमती इंद्रमणी, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, श्री मुरली मनोहर सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



मुख्यमंत्री का महामाला से स्वागत करते क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी।

### मिली ये सौगातें

कार्यक्रम के दौरान कूदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण हेतु कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट और सृष्टि मोटर्स के बीच किए गए अनुबंध के अनुबंध पत्र का आदान-प्रदान भी किया। सीएम की मौजूदगी में अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण की गई। वहीं कार्यक्रम में सीएम श्री साय ने कुदरगढ़ धाम के विकास के लिए प्रशासनिक भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50-50 लाख तथा गढ़वातिया माता मंदिर में सीढ़ी निर्माण हेतु 50 लाख सहित कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने धाम में भविष्य में चिकित्सालय निर्माण की भी घोषणा की, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए सुशासन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो राज्य सरकार की योजनाओं एवं सुशासन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएगा।

#### कुदरगढ़ मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रसिद्ध कुदरगढ़ मंदिर पहुंचकर मां कुदरगढ़ी की विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर उन्होंने देवी के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मां कुदरगढ़ी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश को मिले और छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो, यही मेरी प्रार्थना है।

### कलाकारों ने दी कार्यक्रम की प्रस्तुति

कूदरगढ़ महोत्सव के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक लोकगीतों और मां कुदरगढ़ की स्तुति से हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में गायिका स्तुति जायसवाल, गायक राजेश जायसवाल, ऋतुराज सिंह एवं रमेश गुप्ता ने माता कुदरगढ़ को समर्पित भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# चोरी के बाद गड्ढा खोदकर छिपा दिया था एके-47 और 90 राउंड कारतूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरक्षक के घर से सोने चांदी के जेवरों के साथ ही एके 47 राइफल और 90 नग जिन्दा कारतूस चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को पकड़ना है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बड़ी बात यह है कि चोरों ने हथियार को गड्ढा खोदकर घर में छिपा दिया था। पुलिस ने खुदाई कर हथियार को बरामद किया है और हथियार मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

- आरोपियों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ, हथियार बरामद होने के बाद ली राहत की सांस

बता दें कि गांधीनगर निवासी आशीष तिर्की जिला बल बलरामपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वर्तमान में आरक्षक की ड्यूटी बलरामपुर जिला पंचायत सीईओ की सुरक्षा में लगाई गई है। जिपं सीईओ बलरामपुर में ड्यूटी करने के बाद 1 अप्रैल को अम्बिकापुर स्थित अपने निवास आ गई थी और उन्हें घर छोड़ने के बाद आरक्षक भी अपने निवास गांधीनगर चला गया था। आरक्षक के अनुसार ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने हथियार एके 47 और 3 मैगजीन में 90 राउंड कारतूस को घर में छोड़कर घर में ताला लगाने के बाद शाम 4 बजे अपने गांव सीतापुर के बटई केला चला गया था। 2 अप्रैल की दोपहर 2 बजे जब वह घर पहुंचा तो उसके घर का ताला खुला हुआ था और जब वह घर के अंदर घुसा तो उसके होश उड़ गए। चोरों ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर घर से सोने चांदी के जेवर के साथ ही गनमैन का एके 47 राइफल और 90 राउंड जिंदा कारतूस लेकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांधीनगर क्षेत्र के ही दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी के बाद हथियार को अपने घर में ही गड्ढा खोदकर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हथियार को बरामद कर लिया है। पुलिस ने अब तक मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि संदेहियों द्वारा कुछ अन्य चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दिया गया है ऐसे में पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के बाद पुलिस मामले का खुलासा करेगी लेकिन फिलहाल एके 47 राइफल और 90 राउंड कारतूस बरामद होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

#### पकड़े गए है आरोपी

चोरी के मामले में आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और हथियार भी बरामद हो गया है। पकड़े गए आरोपियों ने कुछ अन्य घटनाओं को भी अंजाम दिया है जिस संबंध में उसने पूछताछ की जा रही है। हम जल्द ही मामले का खुलासा करेंगे।

अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# शादी के आठ दिन बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** पति को भोजन देने के बाद नवविवाहिता ने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। परिजन किसी तरह दरवाजा खो विवाहित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच मारपीट की नौबत आ गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम ससकालो निवासी संतोषी उर्फ मुस्कान आ. सुन्दर गिरी (18 वर्ष) का विवाह 28 मार्च को नमनाकला खटिकपारा निवासी प्रकाश गिरी आ. ब्रम्हा गिरी (20 वर्ष) के साथ हुआ था। आज दोपहर नवविवाहिता पति प्रकाश गिरी को भोजन देने के पश्चात बाथरूम में चली गई। पत्नी के काफी देर बाद भी वापस नहीं आने पर परिजन बाथरूम में गए तो देखा दरवाजा बंद था। इधन अनहोनी हो आशंका परिजन एक बच्चो को रोशनदान से दिखाया तो बच्ची ने फांसी में लटके होने की बात बताई। परिजन किसी तरह दरवाजा खोल विवाहिता को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद विवाहिता की मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और गुपचुप तरीके से विवाहिता का उपचार कराने तथा जेवर उतार लेने तथा विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। इसी बीच दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए जिससे मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया और लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

#### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

ग्राम चिटकीपारा निवासी सोहन एक्का (50 वर्ष) शराब पीने का आदी था। गत दिन नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी निवासी अभियारो पंडो (62 वर्ष) 1 अप्रैल को शराब के नशे में कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।



4-April -ALL- bhoomi-FULL-pg-2_Layout 1 4/4/2025 7:50 PM Page 1





4 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/4/2025 9:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### दतिमा में रामनवमीं पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत दतिमा में श्री राम नवमी के अवसर पर आज 5 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम दतिमा में श्रीराम नवमीं एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा। शोभायात्रा दतिमा चौक से शुरू किया जाएगा, ग्राम दतिमा, राई, नवापारा, मिसिरपारा, बतरा, कमलापुर, कुम्दा बस्ती, रामनगर, रुनियाडीह, सोहागपुर, करंजी, खरसुरा होते हुए वापस दतिमा में पहुंचेगी।

### निषाद समाज ने धूमधाम से मनायी गुह्य निषादराज की जयंती



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज द्वारा श्री राम सखा महाराजा गुह्य निषादराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर संरक्षक त्रिवेणी चौधरी ने कहा कि हमारा समाज अपने अस्तित्व को भूलता जा रहा है जो दुखद है। हमारे पूर्वजों ने भगवान राम को गंगा पार कराया था लेकिन आज हमारी नैया तक पार नहीं हो पा रही है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय में आगे आने के लिए प्रेरित करना होगा। प्रदेश प्रवक्ता सुजान बिन्द ने कहा कि देश में हमारी आबादी 14 फीसदी होने के बावजूद हमारा समाज राजनीति, रोजगार व व्यवसाय में पीछे है। हमारे समाज की समस्याओं को उठाने वाला कोई नहीं है। हमारा पारंपरिक व्यवसाय पूंजीपतियों द्वारा छीना जा रहा है। महेश निषाद् ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अंत में उमाशंकर साहनी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामनरेश, रामकरण, सुमन चौधरी, संजय चौधरी, मोतीचंद बिंद, कृष्णा चौधरी, रामदेव राम, लालबाबू विद्यासागर, श्रीमती नीलम निषाद्, पूजा निषाद, प्रीति निषाद, श्रीमती शांति देवी बिंद उपस्थित थीं।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 6 अप्रैल को छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मनोचिकित्सक डॉ.गौरी शंकर सिंह, गाठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बीबी कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.सलमान, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## जयश्रीराम के जयकारे से गूंजा सरगुजा, झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

# रामनवमीं के उपलक्ष्य पर श्री राम सेना ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल शहरवासी।







शोभायात्रा में शामिल श्रीराम, सीता एवं रामदरबार की झांकी।





शोभायात्रा में महाकाल की झांकी एवं भस्म होली खेलते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर सप्तमी के दिन शहर में श्री राम सेना द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अनेकों झांकियों से सुसज्जित शोभा याता शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होकर देर शाम मां महामाया मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सरगुजा जय श्री राम के नाम से गुंजायमान हो उठा। शहर में निकली श्रीराम सेना की शोभायात्रा का जगह जगह समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है और जगह जगह विभिन्न आयोजन हो रहे है। ऐसे में चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सप्तमी के दिन किया गया। शोभा यात्रा को लेकर श्रीराम सेना द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। विगत एक सप्ताह से गांधी चौक से लेकर महामाया मंदिर तक सड़कों को सजाया जा रहा था। शहर की प्रमुख सड़क भगवामय हो गई।

घड़ी चौक पर श्री राम सेना द्वारा विशेष साज सज्जा और लाइटिंग की गई जबकि मार्ग की सडक को केसरिया रंग से रंग दिया गया। शुक्रवार को शोभा यात्रा को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा था। शहर सहित जिलेभर से राम भक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान दिन भर चली तैयारी के बाद शाम लगभग चार बजे गांधी चौक से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभा यात्रा में उड़ीसा कालाहांडी कटप्पा, महाकाल की झांकी के साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं भस्म होली को लेकर भी लोगों में ख़ासा उत्साह देखने को मिला। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने धुमाल एवं ढोल का भी जमकर आनंद लिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर जमकर थिरके।

### जगह जगह किया गया स्वागत

शहर के गांधी चौक से शुरू हुई श्री राम सेना की शोभा यात्रा घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, महामाया रोड होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची। महामाया मंदिर में भजन कीर्तन और भंडारे के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा का शहर में समाज के लोगों ने स्वागत किया। शोभा यात्रा ने दौरान लोगों ने श्रधालुओं पर पुष्प वर्षा की इसके साथ ही उन्हें पानी, जूस व अन्य खाद्य सामग्री प्रदान की। शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। रैली के दौरान सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे।

### शंकरगढ़ में भी निकली शोभा यात्रा

चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के दिन भव्य विकासखंड मुख्यालय शंकरगढ़ में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भगवा झंडा व सस्त्र के साथ नगर में रैली निकालकर की गई जिसमें समाज के लोग शामिल हुए। मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर में सभी हिन्दू समाज के लोग इक्कठा हुए और शंकरगढ़ के बस स्टैंड से लेकर बचवार के गड़ेश चौक तक डीजे, गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हिन्दू युवा मंच, साधु समाज जैसे कई और संगठन भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक उदेश्वरी पैकरा, संतोष यादव, रोशन अग्रवाल, अमिताभ सिंहदेव, रामबाबू भारती, सत्यनारायण अग्रवाल, मुकेश सिंह, ऋतिक कश्यप, संस्कार सिंह, आशीर्वाद पाठक, मोनू अग्रवाल व अन्य लोग शामिल थे।

## प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा में जयघोष से गूंजा शहर

**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर नगर में पहली बार ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र को भक्तिमय हो गया। हजारों की संख्या में राम भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जय श्री राम और माता रानी के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

भव्य शोभायात्रा की शुरुआत श्री राम लक्ष्मण पांज, मरहटा से हुई जो मां सम्मलेश्वरी मंदिर से प्रतापपुर तक निकाली गई। शोभायात्रा दुरती, गोंदा, सतीपारा, भैसा मुंडा, दवनकरा, सेमरा खुर्द, केवरा, पोड़ी मोड़, सरहरी, करंजवार से होते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, राजघराना चौक, थाना चौक, कदमपारा चौक, कॉलेज चौक, बस स्टैंड और मां सम्मलेश्वरी मंदिर चौक से होकर भ्रमण किया। हर चौक पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और जामवंत की अलौकिक झांकियों का दर्शन किए। ऐतिहासिक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शुक्रवार बाजार का दिन होने के कारण नगर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे नगर को आकर्षक तोरण द्वारों और रंगोली से सजाया गया। सड़कों पर पुष्प वर्षा की गई और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की भव्य झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि पर भक्त झूम उठे। शोभायात्रा का समापन मां समलेश्वरी मंदिर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भव्य आरती और हवन में भाग लिया।



### करवां में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**कारवां।** श्रीराम नवमी एवं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हिंदू एकता समिति करवां व यज्ञशाला समिति के संयुक्त ततवाधान में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि को स्थानीय यज्ञशाला प्रांगण से पड़कीपारा चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा यज्ञ शाला करवां प्रांगण से प्रारंभ होकर सरकारीपारा देवी मंदिर होते हुए माझापारा देवी मंदिर से पड़कीपारा चौक में संपन्न हुआ। शोभायात्रा में विशेष साज सज्जा भगवा परिधान एवं भगवा ध्वज हाथों में लेकर सैकड़ों की संख्या में भक्तों द्वारा जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान कर दिया गया। सभी चौक चौराहे पर जगह जगह आतिशबाजी की गई। इस दौरान दशरथ सिंह, राजेंद्र जायसवाल, अमरसाय राजवाड़े महेश कुशवाहा, टिकेश राजवाड़े, तेजप्रताप सिंह, दुर्गा साहू, नंदकिशोर कुशवाहा, जयंत जायसवाल, आकाश जायसवाल, सुबंश राजवाड़े, प्रज्ञा कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, फलेश्वर कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।













